# नमूना प्रश्न पत्र

**विषय–हिन्दी**

**कक्षा–10वीं**

समय–3 घंटे                                                                                   पूर्णांक–80

- कृपया जांच कर लें कि इस प्रश्न पत्र में मुद्रित पृष्ठ तथा कुल प्रश्न 13 हैं।
- प्रश्न पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नं0 तथा सेट को छात्र उतर पुस्तिका के मुख्य पृष्ठ पर लिखें।
- कृपया प्रश्न पत्र का उतर लिखना शुरू करने से पहले प्रश्न का कमांक अवश्य लिखें।
- उतर पुस्तिका के बीच में खाली पन्ना/पन्ने न छोडें।
- उतर पुस्तिका के अतिरिक्त कोई अन्य शीट नहीं मिलेगी। अतः आवश्यकतानुसार ही लिखें और लिखा उतर न काटें
- परीक्षार्थी अपना रोल नं0 प्रश्न पत्र पर अवश्य लिखें। रोल नं0 के अतिरिक्त प्रश्न पत्र पर अन्य कुछ भी न लिखें और वैकल्पिक प्रश्नों के उत्रों पर किसी प्रकार का निशान न लगाए।
- कृपया प्रश्नों के उतर देने के पूर्व यह सुनिश्चित कर ले कि प्रश्न पत्र पूर्ण व सही है, परीक्षा के उपरांत इस संदर्भ में कोई भी दावां स्वीकार नहीं किया जाएगा।

नोटः–(1) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(2) शुद्ध, सार्थक तथा तर्क संगत उतरों को उचित अधिमान दिया जाएगा। वर्तनीगत अशुद्धियों तथा विषयांतर की स्थिति में कम/शुन्य अंक देकर दंडित किया जा सकता है।

प्रश्न 1. निम्नलिखत प्रश्नों के यथानिर्दिष्ट उतर दीजिएः–

(क) द्विगु समास किसे कहते हैं उदाहरण सहित स्पष्ट करें।

(ख) स्वागत, नयन (सन्धि विच्छेद कीजिए)

(ग) निराकार, अभियान (उपसर्ग छांटिए)

(घ) सागर दिन (पर्यायवाची शब्द लिखिए)

(ङ) मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्यों में प्रयोग कीजिए।

i. कठपुतली होना
ii. ईद का चाँद होना

(च) श्लेष अलंकार की परिभाषा सोदाहरण लिखिए।

(छ) दोहा छंद की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए।

प्रश्न 2 निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबंध लिखिए।

(क) मेरे सपनों का भारत

(ख) विद्यार्थी और अनुशासन

(ग) मेरी प्रिय पुस्तक

(घ) विज्ञान के बढते चरण

(ङ) युवाओं में बढती नशे की प्रवृत्ति

प्रश्न 3 पुस्तकालय में पुस्तकों की व्यवस्था करवाने के लिए अपने मुख्याध्यापक को एक प्रार्थना पत्र लिखिएं

अथवा

योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए अपने मित्र को एक पत्र लिखिए।

प्रश्न 4 क्षितिज (काव्य–खंड) के आधार पर निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उचित विकल्प चूनकर अपनी उतर पुस्तिका में लिखिए।

(क) गोपियाँ किसे बड़भागी कहते हैं।

i. राधा को

ii. कृष्ण को
iii. यशोदा को
iv. उद्धव को

(ख) श्रीराम ने किसके धनुष को तोड़ा था।

i. शिव के
ii. परशुराम के
iii. जनक के
iv. ब्रह्मा के

(ग) कवि किसका स्वप्न देखकर जागा गया था।

i. धन का
ii. भूत का
iii. सुख का
iv. परीक्षा का

(घ) 'उत्साह' किस प्रकार का गीत हैं।

i. प्रेम का
ii. विरह का
iii. आह्वान का
iv. उत्साह का

(ङ) 'चिर प्रवासी मैं इतर' वाक्यांश में चिर प्रवासी कौन हैं।

i. बालक
ii. कवि
iii. माँ
iv. ईश्वर

(च) संगतकार की आवाज कैसी कही गई हैं।

i. भारी
ii. उचीं
iii. अति मधुर
iv. कमजोर

प्रश्न 5 निम्नलिखित काव्याशं को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उतर दीजिए।

मुख्य गायक के चटटान जैसी भारी स्वर का साथ देती वह आवाज सुंदर कमजोर कॉपती हुई थी। वह मुख्य गायक का छोटा भाई हैं। या उसका शिष्य या पैदल चलकर सीखने आने वाला दूर का कोई रिश्तेदार मुख्य गायक की गरज में वह अपनी गूंज मिलाता आया है प्राचीन काल से

प्रश्न

i. प्रस्तुत काव्याशं के कवि एवं कविता का नाम लिखिए।
ii. मुख्य गायक का स्वर कैसा है।
iii. मुख्य गायक को आवाज का साथ देने वाली आवाज किसकी होती हैं।
iv. संगतकार की आवाज कैसी थी।

प्रश्न 6 निम्नलिखित काव्यांश का काव्य सौंदर्य स्पष्ट कीजिएं

विकल विकल, उन्मन थे उन्मन

विश्व के निदांध के समल जन

आए अज्ञात दिशा से अनंत के धन।

प्रश्न 7 (क) सूरदास के पदो ंके आधार पर योग साधना के प्रति गोपियों का दृष्टिकोण स्पष्ट करें।

(ख) आत्मकथा कविता का मूल भाव स्पष्ट कीजिए।

खण्ड–ग

प्रश्न 8 क्षितिज (गघ–खंड) के आाार पर निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के

उचित पुस्तिका में लिखिए।

(क) नेता जी की मूर्ति किसने बनाई थी।

i. ड्राइवर ने
ii. पनवाले ने
iii. ड्राइगं मास्टर ने
iv. थानेदार ने

(ख) बालगोबिन भगत का कद कैसा था।

i. लंबा
ii. मंझोला
iii. नाटा
iv. छोटा

(ग) नवाब साहब ने खीरे का स्वाद कैसे प्राप्त किया।

i. खाकर
ii. सुघकर
iii. सुनकर
iv. देखकर

(घ) भन्नू भंडारी के पिता 'भाटियारखाना' किसे कहते थे।

i. मंदिर को
ii. रसोई को
iii. दुकान को
iv. पुस्तकालय को

(ङ) अमीरूदीन का जन्म कहा हुआ ।

i. काशी
ii. डुमराव

iii. रोहतक
iv. मुंगेर

(च) सभ्यता किसका परिणाम हैं।

i. शिक्षा का
ii. ज्ञान का
iii. संस्कृति का
iv. शिष्टता का

प्रश्न 9 निम्नलिखित गंघाश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उतर दीजिए।

बालगोबिन भगत की संगीत साधना का चरम उत्कर्स उस दिन देखा गया जिस दिन उनका बेट मरा। इसलौता बेटा था वह कुछ सुस्त और कुछ बोदा–सा था। किंतु इसी कारण बालगोबिन भगत उसे और भी मानते। उनकी समझ में ऐसे आदमियो पर ही ज्यादा नजर रखनी चाहिए। या प्यार करना चाहिए। क्योंकि ये निगरानी और मुहब्बत के ज्यादा हकदार होते हैं।

प्रश्न

i. प्रस्तुत गघांश के लेखक और पाठ का नाम लिखिए।
ii. प्रस्तुत गघांश का प्रसंग लिखिए।
iii. बालगोबिन भगत की संगीत साधना का उत्कर्ष कब देखा गया।
iv. बालगोबिन भगत अपने बेटे को किस कारण अधिक प्यार करते थे।
v. बालगोबिन भगत के अनुसार कैसे आदमियों को ज्यादा निगरानी की आवश्यकता है।

प्रश्न 10 स्वंय प्रकाश अथवा मन्नू भंडारी का जीवन परिचय देते हुए उनकी स्वनाओं, साहितयिक विशेषताओं एवं भाषा शैली पर प्रकाश डालिए।

प्रश्न 11 (क) हालदार साहब की आदत से मजबूज आँखों ने क्या देखा।

(ख) शहनाई की दुनिया में डुमराव को क्यों याद किया जाता हैं

प्रश्न 12 कृतिका भाग–2 के आधार पर निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों का उतर दीजिए।

(क) माता का आचल पाठ का मूलभाव स्पष्ट कीजिए।

(ख) गंतोक को मेहनतकश बादशाहों का शहर क्यों कहा गया है।

(ग) कौन से अनुभव ने लेखक को हिरोशिमा कविता लिखने पर विवश कर दिया।

## खण्ड–ड

प्रश्न 13 (क) नैतिक शिक्षा (पाठ्य–पुस्तक) के आधार पर निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उचित विकल्प चुनकर अपनी उतर पुस्तिका में लिखिए।

1. योग का प्रयोग किस लाभ के लिए हमेश से होता रहा है।
   (i)शरीरिक (ii) मानसिक (iii) आध्यात्मिक (iv) उपर्युक्त सभी
2. कितने वर्ष की आयु में रानी लक्ष्मीबाई को पुत्र रत्न की प्राप्ति हुई थी।
   (i)16 वर्ष (ii) 17 वर्ष (iii) 18वर्ष (iv) 15 वर्ष
3. भिक्षुक सम्राट किसे कहा जाता हैं।
   (i)महात्मा गांधी को (ii) मदन मोहन मालवीय को (iii) सुभाष चंद्र बोस को (iv) लाला लाजपत राय को
4. महात्मा बुद्ध ने अपना पहला उपदेश कहा दिया।
   (i)गया (ii) लुम्बिनी (iii) सारनाथ (iv) गया

(ख) निम्नलिखत सूक्ति का भाव स्पष्ट कीजिए।

ऐसी वाणी बोलिए, मन का आपा खोय।

औरन को शीतल करे, आपहु शीतल होय।।

(ग) सालिम अली ने अपनी आत्मकथा का क्या नाम रखा व क्यों।